# नीतिगत सुधार और इन्वेस्ट यूपी की सक्रिय पहल से राज्य बना निवेशकों की पहली पसंद : शशांक चौधरी

## इन्वेस्ट यूपी ने एमएसएमई सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक स्थल के रूप में किया प्रस्तुत

लखनऊ (राजपथ मथुरा ब्यूरो)। लखनऊ के हयात रीजेंसी होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सम्मेलन के दौरान इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने उत्तर प्रदेश की उल्लेखनीय औद्योगिक यात्रा को बिंदुवार प्रस्तुत जिसमें उत्तर प्रदेश को भारत के अग्रणी निवेश.गंतव्यों के बारे में जानकारी दी गयी।

सम्मेलन में उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं श्राज्य ने 33 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट औद्योगिक नीतियां लागू की हैं जो निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करती हैं। स्पष्ट नीतिगत दृष्टिकोण मजबूत नियामक ढांचा और समर्पित औद्योगिक बुनियादी ढांचे के साथ यूपी आज निवेश के लिए पसंदीदा राज्य बन चुका है।उन्होंने यह भी बताया कि कैसे भूमि बैंक की व्यवस्था और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की सक्रिय भागीदारी ने राज्य में व्यापार स्थापित करने और उसका विस्तार करने की प्रक्रिया को सरल और सहज बना दिया है।

सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यमों में उत्तर प्रदेश के मजबूत आधार पर प्रकाश डालते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह राज्य भारत में एमएसएमई का बड़ा आधार मौजूद है जो प्रदेश की सशक्त उद्यमिता और नवाचार संस्कृति का प्रमाण है। कुशल कार्यबल और विशाल उपभोक्ता आधार के कारण यूपी पारंपरिक उद्योगों के साथ.साथ स्टार्टअप्स के लिए भी आदर्श स्थल है।




राज्य की जनसांख्यिकीय शक्ति पर बोलते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की करीब 56 प्रतिशत जनसंख्या 18 से 60 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में है जो लंबे समय तक आर्थिक विकास का आधार बनेगी। राज्य के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और तकनीकी संस्थानों की बदौलत लगातार कुशल मानव संसाधन तैयार हो रहे हैं।

श्री चौधरी ने इन्वेस्ट यूपी की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुआ कहा कि राज्य की प्रमुख निवेश प्रोत्साहन एजेंसी के रूप में हम प्रदेश में व्यापार में सुगमता को बढ़ावा दे रहे है। जिनमें राज्य के निवेश प्लेटफॉर्म जैसे कि निवेश मित्र जो भारत के सबसे बड़े सिंगल विंडो सिस्टम में से एक है और निवेश सारथी के माध्यम से निवेशकों को सेक्टर.विशिष्ट मार्गदर्शन के साथ ऑनलाइन स्वीकृतियां और सहयोग प्रदान कर रहा है।

उन्होंने विश्वास के साथ कहा इतने व्यापक और निवेशक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है।